# उत्तराखंड सदन में 11321 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

## चर्चा में क्यों?

- 6 सितंबर, 2023 को उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने विधानसभा सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये सदन में 11321 करोड़ का पहला अनुपूरक बजट पेश किया, जिसमें 3530 करोड़ रुपए का प्रावधान राजस्व और 7790 करोड़ रुपए प्रावधान का पूंजीगत मद में किया गया है।

## प्रमुख बिंदु

- अनुपूरक बजट की मंजूरी के बाद राज्य का कुल बजट 88728 करोड़ रुपए का हो जाएगा। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष के लिये 77407 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया था।
- विधानसभा पटल पर आए अनुपूरक अनुदान मांगों में पूंजीगत व्यय के तहत 600 करोड़ सड़कों और पुलों के निर्माण, 765 करोड़ का जल जीवन मिशन, 321 करोड़ का आवास एवं शहरी विकास, 156 करोड़ टिहरी झील के चारों ओर रिंग रोड बनाने के लिये भूमि अधिग्रहण, 135 करोड़ पार्किंग निर्माण में खर्च किये जाएंगें।
- इनके अलावा 128 करोड़ समग्र शिक्षा, 100 करोड़ लोनिवि की आरआईडीएफ योजना, 100 करोड़ हरिद्वार मेडिकल कॉलेज निर्माण, 67 करोड़ रूफ टॉप सोलर संयंत्र व स्ट्रीट लाइट, 50 करोड़ मुख्यमंत्री आंगनबाड़ी भवन बनाने, 50 करोड़ यूनिटी माल बनाने पर खर्च किये जाएंगे।
- साथ ही खेल स्टेडियम, स्टेट कैंसर संस्थान हल्द्वानी, ऋषिकेश योग नगरी के विकास के लिये भी धनराशि का प्रावधान किया गया है।
- मानसून में खस्ताहाल हो गईं सड़कों की मरम्मत के लिये 300 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 297 करोड़ खर्च होंगे। सरकार ने 284 करोड़ रुपए खाद्यान्न सब्सिडी के लिये रखा है।
- आपदा प्रबंधन के तहत 218 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया गया है।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/11321-crore-supplementary-budget-presented-in-uttarakhand-house